# लापरवाही की भेंट चढ़ा मासूम: मेडिकल कॉलेज के सेप्टिक टैंक में डूबने से 5 वर्षीय बालक की मौत

## धार से माता-पिता के साथ सतना आया था आयुष; सीमेंट की कमजोर शीट टूटने से गहरे पानी में समाया, निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों पर सवाल

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर से एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ गुरुवार शाम से लापता 5 वर्षीय मासूम आयुष डामोर का शव शुक्रवार दोपहर परिसर में ही बने एक गहरे सेप्टिक टैंक से बरामद किया गया। मासूम की मौत के बाद लेबर क्वार्टर और पीड़ित परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खेलते-खेलते अचानक लापता हुआ था बालक

प्राप्त जानकारी के अनुसार,धार जिले के राजगढ़ का निवासी आयुष अपने मजदूर माता-पिता के साथ सतना आया हुआ था। मेडिकल कॉलेज परिसर में एक नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है,जिसका ठेका धार के ही ठेकेदार गुलाब सिंह के पास है। ठेकेदार अपने साथ धार से मजदूरों को काम पर लेकर आए हैं,जिनके परिवार परिसर के समीप ही बने लेबर क्वार्टर में रह रहे हैं। गुरुवार शाम को टेटिया डामोर का बेटा आयुष खेलते-खेलते अचानक गायब हो गया था। परिजनों और ठेकेदार ने रातभर उसकी काफी खोजबीन की,लेकिन सुराग न मिलने पर देररात



कोलगवां थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई।

### 8 फीट गहरे पानी से लबालब टैंक में मिला शव

शुक्रवार को पुलिस और परिजनों ने नए सिरे से तलाश शुरू की।दोपहर करीब 3 बजे निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास बने 8 फीट गहरे सेप्टिक टैंक में आयुष का शव उतराता हुआ मिला। टैंक पानी से पूरी तरह लबालब भरा हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को रोते-बिलखते परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। इस संबंध में मजदूरों का कहना है कि उन्होंने गुरुवार को भी इस टैंक में आयुष को ढूंढा था,लेकिन तब वहां कुछ नजर नहीं आया था।

### कमजोर सीमेंट शीट बनी काल,सुरक्षा में बड़ी चूक

प्रारंभिक जांच और परिस्थितियों को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि यह दर्दनाक हादसा निर्माण स्थल पर सुरक्षा की भारी अनदेखी के कारण हुआ।आठ फीट गहरे और पानी से भरे इस सेप्टिक टैंक को ऊपर से ढकने के लिए सीमेंट की एक बेहद पतली व कमजोर शीट का इस्तेमाल किया गया था।माना जा रहा है कि खेलते समय आयुष का पैर उस शीट पर पड़ गया,जिससे वह वजन नहीं संभाल पाई और टूट गई। मासूम सीधे गहरे पानी में समा गया। पुलिस अब इस बिंदु पर जांच कर रही है कि निर्माण स्थल पर अनिवार्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन तो नहीं किया गया था।

**खबर संक्षेप**

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव, शिनाख्त की कोशिश



**मैहर।** जिले के अमदरा थाना अंतर्गत झुकेही चौकी क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहाँ झुकेही-पकरिया रेलवे ट्रैक के बीच एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

दोपहर में मिली सूचना झुकेही पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 3बजे स्थानीय लोगों और रेलवे स्टाफ द्वारा ट्रैक पर एक युवक का शव देखे जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुँची और शव को अपने कब्जे में लिया। घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। अमदरा थाना पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की पहचान स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यदि किसी भी व्यक्ति को इस युवक या उसके परिजनों के विषय में कोई भी जानकारी हो,तो वे तत्काल थाना अमदरा या झुकेही चौकी को सूचित कर पुलिस का सहयोग करें।

### कलेक्टर के आदेशों की धज्जियां उड़ाता वार्ड नंबर 11 का सफाई प्रभारी

**मैहर।** मैहर की जिला कलेक्टर के द्वारा नगर को स्वच्छ बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है वहीं वार्ड नंबर 11 के सफाई प्रभारी के द्वारा उनके आदेशों को दरकिनार किया जा रहा है। वार्ड में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है कई महीनों से सफाई कर्मी झांकने नहीं जाते न ही झाड़ू लगती है और न ही नालियों को साफ किया जाता है। यह समस्या लगातार कई महीनों से देखने को मिल रही है। मैहर के वार्ड नंबर 11 में नालियों से बहता गंदा पानी नगर पालिका की नाकामी को दर्शाता है।नगर पालिका में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं दिख रहा हैजैसे उन्हें कुछ पता ही नहीं है जबकि वार्डवाशी इसकी शिकायत कई बार जिम्मेदार अधिकारी वा सफाई प्रभारी से कर चुके है लेकिन शिकायत करने पर आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिलता। वही वार्डवाशियों से बात करने पर पता चला कि वार्ड सफाई न होने से वार्ड में गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिसके कारण छोटे छोटे बच्चे व बुजुर्गों को किसी भी बड़ी बीमारी की चपेट में आ सकते है। यही नहीं नाली का पानी बहने के कारण लोग पीने के पानी तक को तरश रहे क्यों जिस जगह नल लगा हुआ है वहीं नाली का पानी भरा हुआ है ऐसी स्थिति में कैसी लोग पीने का पानी कैसे भरे।वार्ड को स्वच्छ बनाए रखने के लिए कचरा लेने वाली गाड़ी का समय भी निर्धारित कर दिया जाए।

# सतना में महंगाई का दोहरा झटका: पेट्रोल 111 रुपए लीटर के पार,पंपों पर लगी लंबी कतारें

**सतना।** मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) में बढ़ते तनाव और युद्ध के हालातों का सीधा असर अब सतना के आम नागरिकों की जेब पर दिखने लगा है। शहर में पेट्रोल और डीजल के दामों में भारी उछाल आया है, जिससे पहले से ही महंगाई से जूझ रही जनता की कमर टूट गई है। घटती कमाई और लगातार बढ़ती महंगाई के बीच,सतना में पेट्रोल और डीजल की नई कीमतें आसमान छू रही हैं।





### पेट्रोल और डीजल की ताजा कीमतें

**पेट्रोल: 111.27 रुपए प्रति लीटर, डीजल: 96.49 रुपए प्रति लीटर**

गैस के दाम पहले ही बढ़ाए जा चुके हैं,और अब ईंधन की इस बढ़ती कीमत ने लोगों को बेहद परेशान कर दिया है। हालात ये हैं कि शहर के कई पेट्रोल पंपों पर पिछले कुछ दिनों से भारी किल्लत देखी जा रही है। एक-एक लीटर पेट्रोल के लिए लोगों को लंबी-लंबी लाइनों में लगकर कड़ी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। कई पंपों पर तो स्टॉक ही खत्म हो गया है। इसके बावजूद,व्यवस्था संभालने वाले जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं और अपने कर्तव्यों का पालन सही से नहीं कर रहे हैं। महंगे ईंधन के साथ-साथ पंपों पर कम नापतोल की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं,जिससे जनता में भारी आक्रोश है।

# महिला कांग्रेस की बैठक में वार्ड कमेटियों के गठन का निर्णय, डीजल-पेट्रोल के दामों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**सतना।** जयस्तंभ चौक स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को महिला कांग्रेस की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष डॉली चौरसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य रूप से विधायक व जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा,जिला शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी एवं महिला कांग्रेस सतना की प्रभारी प्राची शुक्ला उपस्थित रहीं। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कहा कि देश में लगभग 50 प्रतिशत आबादी महिलाओं की है। आजादी के आंदोलन से लेकर आज तक कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी है,जिसके परिणामस्वरूप आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। जिला शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी ने संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि शहर के सभी वार्डों में महिला कांग्रेस की वार्ड कमेटियां बनाई जाएं,जिनमें प्रत्येक वार्ड से कम से कम 10 महिलाओं को जोड़ा जाए। उन्होंने याद दिलाया



कि आज नगरीय निकायों और पंचायतों में महिलाओं को जो आरक्षण मिला हुआ है,वह महिला कांग्रेस के लंबे संघर्ष और महत्वपूर्ण योगदान की देन है।

### राजनीति महिलाओं के लिए प्राची शुक्ला

महिला कांग्रेस प्रभारी प्राची शुक्ला ने नव-नियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं के लिए राजनीति करना एक बेहद कठिन चुनौती है। उन्हें पहले अपने परिवार की जिम्मेदारियां संभालनी होती हैं और उसके बाद वे राजनीतिक और सामाजिक कार्यों के लिए समय निकालती हैं। उन्होंने महिला कांग्रेस को पार्टी का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि हर आंदोलन,कार्यक्रम और चुनाव में हमारी महिला कार्यकर्ता कदम से कदम मिलाकर काम करती हैं।

### बढ़ते दामों के विरोध में सिविल लाइन पेट्रोल पंप पर प्रदर्शन

बैठक के समापन के बाद महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचकर पेट्रोल और डीजल के बढ़े हुए दामों के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया।

# गेहूं खरीदी केन्द्रों में मनमानी कर लूटा जा रहा है किसानों को



### 50 किलो का नियम,फिर बेरमा केंद्र में 50.900 किलो क्यों?

**मैहर।** मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए राज्य सरकार ने हजारों उपार्जन केंद्र सक्रिय किए हैं और किसानों को पारदर्शी तौल,समय पर भुगतान और सुविधा देने के निर्देश जारी किए गए हैं। लेकिन बेरमा स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र से सामने आए वीडियो और किसानों के बयानों ने पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसानों का आरोप है कि केंद्र पर एक बोरी में 50 किलो की जगह 50 किलो 900 ग्राम गेहूं लिया जा रहा है।किसानों का कहना है कि सरकारी खरीदी में 50 किलो के हिसाब से तौल होनी चाहिए,लेकिन यहां हर बोरी में लगभग 900 ग्राम अतिरिक्त लिया जा रहा है। किसानों ने आरोप लगाया है कि समिति वाले जितना बोलते हैं उतना देना पड़ता है,गरीब किसान की सुनवाई नहीं होती। इस संबंध में जब केंद्र पर मौजूद कर्मचारियों से पूछा गया कि शासकीय मापदंड क्या है,तो कोई स्पष्ट जवाब देने सामने नहीं आया। वहीं समिति प्रबंधक पूजा अहिरवार से फोन पर पक्ष लेने की कोशिश की गई,लेकिन किसानों के अनुसार स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई और बातचीत समाप्त कर दी गई। सबसे गंभीर बात यह है कि यदि हर बोरी पर 900 ग्राम अतिरिक्त लिया जा रहा है,तो सैकड़ों बोरियों में यह कई क्विंटल तक पहुंच सकता है। हज़ारों टन उर्पाजन केंद्र में खरीदी पहुंचेगी इससे सीधे किसान की उपज का सबसे बड़ा नुकसान हो सकता है। प्रदेश के अन्य जिलों से भी अतिरिक्त तौल जैसे आरोप सामने आए हैं जिससे यह सवाल और गंभीर हो जाता है कि क्या कुछ खरीदी केंद्रों पर किसानों से नियम से अधिक गेहूं लिया जा रहा है।

### अब सवाल सीधे प्रशासन से है

क्या बेरमा उपार्जन केंद्र में सरकारी नियमों का पालन हो रहा है,या किसानों के नाम पर अतिरिक्त तौल का खेल चल रहा है? किसानों ने जिला प्रशासन,खाद्य विभाग और सहकारिता विभाग से तत्काल जांच,कांटे की सत्यापन जांच और जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# दिव्यांग बच्चों को बांटी तिपहिया साइकिलें, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े कदम

**सतना।** दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एमपी बिरला आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) विभाग ने एक बेहद सराहनीय कदम उठाया है। संस्थान द्वारा एक विशेष गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन कर पाँच दिव्यांग बच्चों को तिपहिया साइकिलें (ट्राईसाइकिल) वितरित की गईं। इस अवसर पर आर सीसी पीएल के इकाई प्रमुख देवेंद्र कुमार पटेल ने अपने विचार साझा करते हुए कहा एम.पी. बिरला आर सीसी पीएल में हमारा दृढ़ विश्वास है कि हर बच्चे को विकास और सफलता के समान अवसर मिलने चाहिए। ये तिपहिया साइकिलें मात्र यातायात का साधन नहीं,बल्कि इन बच्चों के सशक्तिकरण का माध्यम हैं। ये दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर,आत्मविश्वासी और सामाजिक रूप से सक्रिय बनाने में सहायक सिद्ध होंगी। हम दिव्यांगजनों के उत्थान और एक समावेशी समाज के निर्माण के लिए भविष्य में भी निरंतर प्रयासरत रहेंगे।इस अवसर पर देवेंद्र कुमार पटेल इकाई प्रमुख,आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड अखिलेश सिंह माइंस प्रमुख अंतु चतुर्वेदी सरपंच,कुसेड़ी बद्री पटेल साढेरा आरसीसीपीएल सीएसआर विभाग की पूरी टीम इन बच्चों के चेहरों पर लौटी मुस्कान संस्थान की इस पहल से ग्रामीण अंचल के उन बच्चों को नई गति मिली है,जिन्हें आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।



# जनहित सर्वोपरि, योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे: राधा



### अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**मैहर।** मध्य प्रदेश शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा मैहर जिले की प्रभारी मंत्री ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति,निर्माण कार्यों की स्थिति,आमजन की समस्याओं के निराकरण तथा योजनाओं के धरातल पर प्रभावी संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय बद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विकास, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य,शिक्षा एवं स्वच्छता जैसे विषयों पर विशेष प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाए। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने,विकास योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो,इसके लिए विभागीय स्तर पर लगातार निगरानी बनाए रखें। कानून व्यवस्था,वन विभाग,राजस्व एवं स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जिले के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। बैठक के अंत में उन्होंने अधिकारियों से शासन की मंशा के अनुरूप संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

# मैहर अस्पताल में नियमित साफ सफाई से लोगों ने ली राहत की सांस



**मैहर।** विगत दिनों कई बार कलेक्टर के निरीक्षण एवं सख्त आदेश के बाद अब मैहर अस्पताल में इन दिनों व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है।अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था इतनी व्यवस्थित नजर आ रही है कि मरीजों और उनके परिजनों ने भी खुले दिल से इसकी सराहना की है। वार्ड,ओपीडी,इमरजेंसी कक्ष,शौचालय और अस्पताल परिसर में नियमित साफ-सफाई होने से पूरे अस्पताल का वातावरण स्वच्छ और व्यवस्थित दिखाई दे रहा है।अस्पताल प्रबंधन द्वारा प्रभारी सफाई कर्मचारी की निगरानी में कर्मचारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। हर सेक्टर में अलग-अलग कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है,जिससे सफाई कार्य में तेजी आई है। सुबह से देर रात तक कर्मचारी सक्रिय रूप से कार्य करते नजर आ रहे हैं। अस्पताल परिसर में कचरा प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सिर्फ सफाई ही नहीं,सुरक्षा व्यवस्था में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। अस्पताल में तैनात सिक्योरिटी गार्ड अब लगातार निगरानी करते नजर आ रहे हैं। अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करने के साथ वार्डों में अनुशासन बनाए रखने की जिम्मेदारी भी प्रभावी तरीके से निभाई जा रही है।इससे मरीजों को शांत और सुरक्षित माहौल मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय बाद अस्पताल की व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। पहले जहां गंदगी और अव्यवस्था को लेकर शिकायतें सुनाई देती थीं,वहीं अब साफ-सुथरा माहौल लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से सफाई व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है ताकि आने वाले समय में मैहर सिविल हॉस्पिटल क्षेत्र के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बन सके।

# जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में न बरतें लापरवाही- प्रभारी मंत्री परमार

## उच्च शिक्षा मंत्री ने समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

**पन्ना।** शासन की महत्वाकांक्षी एवं जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रम में विभाग स्तर पर परस्पर समन्वय के जरिए परिणाममूलक प्रगति लाना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लापरवाही न बरती जाए। निर्माण कार्य भी समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों। इसमें सतत मॉनिटरिंग के साथ प्रत्येक स्तर पर दायित्वों का बेहतर निर्वाहन करें। उक्ताशय के निर्देश उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई विभागीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए। इस मौके पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में छोटे-छोटे कार्यों की प्लानिंग कर तथा आवश्यक सर्वे के माध्यम से जल स्रोतों के संवर्धन तथा नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर जल संरचनाओं की उपलब्धता के साथ पौधरोपण की कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर भी विभागवार आवश्यक चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री श्री परमार ने बैठक में विभिन्न निर्माण विभागों के स्वीकृत कार्यों की वर्तमान स्थिति और पूर्णता के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान पीआईयू के कार्यपालन यंत्री को बैठक में उपस्थित न रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर विभाग को भी अवगत कराने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग की परियोजना क्रियान्वयन इकाई द्वारा संपादित कार्यों में



लापरवाही पर नाराजगी भी जताई। सभी निर्माण कार्यों की समय सीमा में पूर्णता के उद्देश्य से भी जरूरी निर्देश देते हुए प्रभारी मंत्री ने पीआईयू के उपस्थित अधिकारी को जिले के चार सांदीपनि विद्यालय भवन में आवश्यक कार्य पूर्ण कर तत्काल हैंडओवर करने के लिए निर्देशित किया। पन्ना जिला मुख्यालय पर भवन विकास निगम द्वारा निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय भवन के बारे में भी जानकारी ली। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा में आवास योजना के कुछ पात्र हितग्राहियों द्वारा राशि आवंटन के बावजूद मकान निर्माण नहीं करने के कारणों की जांच के लिए भी कहा। पीएचई एवं जल जीवन मिशन की पेयजल स्कीम में कार्य के साथ-साथ समानांतर रूप से सड़क मरम्मत के निर्देश दिए। जल संसाधन विभाग की समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार एवं अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की बात कही। बैठक में पन्ना विधायक द्वारा धरमपुर में नवीन तहसील के संचालन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने तथा पवई विधायक द्वारा कल्दा में तहसीलदार की पदस्थापना की बात रखी गई। समीक्षा बैठक में दस्तक अभियान, पोषण पुर्नवास केन्द्रों के संचालन, बालिकाओं एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं तथा इसके माध्यम से आए सामाजिक परिवर्तन पर भी विचार विमर्श किया गया। प्रभारी मंत्री ने लाड़ली बहना योजना के सकारात्मक सामाजिक प्रभाव के संबंध में रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा स्वसहायता समूह की सभी महिलाओं को रोजगारपरक गतिविधियों का लाभ प्रदान करने, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था को निरंतर रूप से सुचारू रखने सहित विद्युत चोरी पर रोकथाम तथा शिविर के माध्यम से अधिक बिजली बिल की शिकायतों के निराकरण के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित कर कैंप के जरिए पात्रजनों को लाभांवित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह व पवई विधायक प्रहलाद लोधी सहित जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, कलेक्टर ऊषा परमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी तथा अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



### प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरित सीबीएमओ डॉ. अभिषेक जैन साइकिल से पहुंचे अस्पताल, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पन्ना। ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देवेंद्रनगर के सीबीएमओ डॉ. अभिषेक जैन ने कार छोड़ साइकिल से अस्पताल जाना शुरू किया। उनका यह कदम नगरवासियों के लिए प्रेरणा बन रहा है। देशहित और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल करते हुए देवेंद्रनगर के सीबीएमओ डॉ. अभिषेक जैन ने सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री जी द्वारा देशवासियों से ईंधन की बचत और वाहनों का कम उपयोग करने की अपील से प्रेरित होकर डॉ. जैन ने आज शुक्रवार को सुबह 10 बजे से साइकिल द्वारा देवेंद्र नगर अस्पताल पहुंचना शुरू कर दिया। जो डॉ. जैन प्रतिदिन कार से अपने घर से अस्पताल जाते थे, उन्होंने अब साइकिल को अपनाकर यह संदेश दिया है कि छोटे-छोटे बदलाव भी देश और समाज के लिए बड़ा योगदान बन सकते हैं। डॉ. जैन का कहना है कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने दैनिक जीवन में ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे प्रयास करे, तो देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा। साथ ही साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि सभी लोग प्रधानमंत्री जी के संदेश का सम्मान करते हुए पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं। डॉ. अभिषेक जैन की यह पहल यह साबित करती है कि देश की प्रगति केवल बड़े निर्णयों से नहीं, बल्कि हर नागरिक के छोटे-छोटे सकारात्मक प्रयासों से संभव होती है।

### सौतेले भाई की तेरहवीं से लौटे व्यक्ति ने घर में फांसी लगाकर दी जान



**अमानगंज** थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान पृतलाल मुड़हा पिता स्वर्गीय उजागर लाल मुड़हा, उम्र 40 वर्ष, निवासी रामनगर के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, पृतलाल मुड़हा अपने परिवार के साथ सौतेले भाई संजय की तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने नागोद गया था। तेरहवीं कार्यक्रम से लौटने के बाद सभी अपने-अपने घर चले गए। रात में परिवार के सदस्य सो गए थे।आज सुबह करीब 5 बजे मृतक के बेटे पृथ्वी ने परिजनों को बताया कि उसके पिता घर के खाना बनाने वाले कमरे में लकड़ी के पट्टे से तौलिया के सहारे फांसी पर लटके हुए हैं। सूचना मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी मामले की जानकारी गुरुवार शाम 6:00 बजे प्राप्त हुई।

**शिक्षकों को सरकार ने बनाया फिर शिक्षकों को लेकर सरकार क्या जिम्मेदार नहीं**

# 2009 के बाद बनाया गया नियम टीईटी परीक्षा को लेकर लगभग 10 वर्ष पूर्व से प्रभावशील कैसे

माननीय सुप्रीम कोर्ट का निर्णय मध्यप्रदेश के शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा पास करना जो अनिवार्य किया गया है सबसे बड़ा सवाल 2009 के बाद बना नियम 2003 या 2004 से जो शिक्षक मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा जनपद पंचायतों व जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के हस्ताक्षरों से शिक्षक बनाये गये थे आखिर क्या सरकार जिम्मेदार नहीं। वहीं 2009 में नियम बनाया जाता है और यह नियम 2003 या 2004 से प्रभावशील कैसे माना जाये। म.प्र. सरकार ने पंचायती राज व्यवस्था के तहत शिक्षा समिति के माध्यम से शिक्षाकर्मी व संविदा शिक्षक भर्तियां की। इसके बाद सभी शिक्षाकर्मी व संविदा शिक्षकों का संविलियन करके शिक्षक शिक्षा विभाग के द्वारा बनाया गया। अब टीईटी परीक्षा पास करना शिक्षक बनने के लिए अनिवार्य कर दिया गया। आखिर जिम्मेदार कौन सरकार या शिक्षक?

**पन्ना।**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय का फैसला म.प्र. के शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा अनिवार्य किया गया है। इसके बगैर शिक्षक नहीं बन सकते। सवाल यह उठता है कि 2009 के बाद शिक्षा का अधिकार नियम के बाद जो नियम बनाये गये इसके पूर्व म.प्र. सरकार ने शिक्षाकर्मी व संविदा शिक्षकों की नियुक्ति जनपद पंचायतों व जिला पंचायतों की शिक्षा समितियों को अधिकार दिये थे। शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व जिला पंचायत इन शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर जिम्मेदार बनाये गये थे। सरकार के बनाये गये नियमों के माध्यम से शिक्षकों की पदस्थापनायें जहां आज बीसों वर्ष सेवा देते पूरी हो रही है वहीं अब माननीय सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय टीईटी परीक्षा पास करना शिक्षकों के लिए अनिवार्य कर दिया गया। इसके बगैर शिक्षक नहीं रह सकते। आखिरकार शिक्षक बनाये किसने, संविदा शिक्षक व शिक्षाकर्मियों का संविलियन करते हुए म.प्र. सरकार की शिक्षा विभाग द्वारा मात्र शिक्षक के रूप में सभी को बारीयता दी गई। एक ही पद शिक्षक कहलायेगा।यहां सरकार ने पहले ही सभी को शिक्षक बनाया। तो क्या यहां अब शिक्षक जिम्मेदार या कि सरकार ने इन्हें शिक्षक बनाया तो सरकार जिम्मेदार। सवाल यह उठता है परीक्षा पास करना व पढ़ने को लेकर जब नियुक्ति के पहले शिक्षकों की निश्चितौर पर अगर ये जवाबदारी तय होती तोमाना जाता कि शिक्षक जिम्मेदार है क्योंकि किसी भी पद में पदस्थापना को लेकर नियम व सर्ते बनाई जाती है। तात्कालीन समय में मध्यप्रदेश सरकार ने जहां जनपद पंचायतों व जिला पंचायतों को शिक्षक के रूप में संविदाशिक्षक व शिक्षाकर्मी के रूप में नियुक्ति के आदेश अधिकार क्यों दिये थे। क्या अब ये शिक्षक जिम्मेदार है जब बीसों वर्ष सेवा पूर्ण हो जाती है शिक्षकों के हालात जहां निश्चितौर पर 50 वर्ष के उम्र का पड़ाव जहां लगभग माना जा रहा है। इस समय परिवारिक जिम्मेदारियां वहीं माननीय सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय टीईटी परीक्षा पास करने को लेकर अनिवार्य करना कहां तक लाजमी। आखिर सरकार ने इन्हें शिक्षक बनाया है उस समय के नियम भी सरकार के द्वारा बनाये गये थे न कि शिक्षकों के द्वारा। सवाल यह उठता है कि 2009 के बाद टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता को लेकर व्यापम परीक्षा के रूप में माना गया। जब नियम बना तभी से तो लागू होगा। पिछले 10 वर्ष से जब नियम ही नहीं बना था तो अब लागू करना कहां तक उचित। क्या शिक्षक जिम्मेदार जिन्हें सरकार ने 10 वर्ष पहले ही नियम बनने के पहले से शिक्षक बना दिया। अब शिक्षक बनाने के लिए टीईटी परीक्षा को लेकर अनिवार्य करना क्या सरकार के लिए उचित होगा या शिक्षकों के लिए क्योंकि यहां सरकार में बिना टीईटी परीक्षा का नियम बनाने के पहले शिक्षक बनाये थें तथा सरकार के द्वारा ही नियम के रूप में बनाने का अधिकार जहां विधानसभा व केन्द्र की सरकार को दिये गये आखिरकार यहां शिक्षकों का दोष क्या। जिन शिक्षकों को शिक्षक बनाकर बीसों वर्ष से सेवायें ली जा रही है अब शिक्षक की पात्रता परीक्षा निर्धारित की जा रही है यहां सायद पहली बार देश में ऐसानियम समाने आया है। जो बनने की 10 पिछले समय से लागू करने को लेकर माना जा रहा है आखिरकार शिक्षकों को लेकर कहीं न कहीं यह नियम मनमाने तर्ज में लागू करने को लेकर क्या सरकार अपना मापदण्ड या पक्ष रखेगी क्योंकि शिक्षक सरकार ने बनाये न कि शिक्षक स्वयं से बने।

# पेट्रोल-डीजल और सीएनजी की कीमतों में भारी उछाल, पहले किल्लत अब बढ़ीं कीमतें, कुलदीप सिंह बोले यह सरकार की नाकामी

**गुनौर।**



देश में ईंधन के संकट के बीच आम जनता पर महंगाई का एक और बड़ा बोझ डाल दिया गया है। तेल कंपनियों ने आज पेट्रोल के दामों में 3 प्रति लीटर, डीजल में 3 प्रति लीटर और सीएनजी (ब्छळ) में 2 प्रति किलोग्राम की भारी बढ़ोतरी कर दी है। हैरान करने वाली बात यह है कि पिछले कई दिनों से पेट्रोल पंपों पर ईंधन की भारी किल्लत चल रही थी और लोगों को डीजल-पेट्रोल नहीं मिल पा रहा था। आपूर्ति ठप होने के बाद अब सीधे कीमतों में आग लगा दी गई है। ईंधन की किल्लत के बीच मूल्य वृद्धि सरकार की नाकामीरू कुलदीप सिंह इस फैसले पर कड़ा रुख अपनाते हुए कांग्रेस नेता कुलदीप सिंह डिघौरा ने सरकार को आड़े हाथों लिया है। सिंह ने कहा, ष्यह सरकार की पूरी तरह से नाकामी है। पहले तो सरकार पेट्रोल पंपों पर ईंधन की पर्याप्त सप्लाई सुनिश्चित नहीं कर पाई, जिससे लोग घंटों लाइनों में खड़े रहे। अब संकट के बीच दाम बढ़ाकर जनता की जेब पर सीधा डाका डाला गया है। इस तानाशाही निर्णय से आज हर नागरिक खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है सरकार तत्काल बड़ी हुई कीमतें कम कर पम्पों में पर्याप्त डीजल पेट्रोल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। इन सेक्टरों पर पड़ेगा सबसे विनाशकारी असर पहले से जारी किल्लत और अब अचानक हुई इस भारी मूल्य वृद्धि से देश की अर्थव्यवस्था और आम जीवन बुरी तरह प्रभावित होगा। किसान बेहालरू डीजल न मिलने से परेशान किसानों के लिए अब 3 की बढ़ोतरी खेती की लागत को आसमान पर पहुंचा देगी। ट्रैक्टर और सिंचाई पंप चलाना महंगा हो जाएगा। ट्रांसपोर्ट कंपनियां ठपरू मालवाहक गाड़ियों को पहले तेल नहीं मिल रहा था, और अब महंगे दाम के कारण माल ढुलाई (थ्तमपहीज त्ंजम) बढ़ाना मजबूरी होगी। इससे खाने-पीने की हर वस्तु महंगी होगी। यात्री वाहन मालिक संकट में बस, ऑटो, टैक्सी और स्कूल वैन संचालकों को सीएनजी और डीजल दोनों महंगा मिलने से भारी नुकसान होगा। वे जल्द ही किराया बढ़ाने पर मजबूर होंगे। आम जनता पर चौतरफा माररू ईंधन की किल्लत और बढ़ी कीमतों के कारण आम नागरिकों का बजट पूरी तरह से बिगड़ चुका है।पंपों पर तेल की कमी और अचानक बढ़े दामों के कारण कई शहरों में ट्रांसपोर्टरों और जनता के बीच भारी आक्रोश है। आने वाले दिनों में देशव्यापी चक्का जाम और विरोध प्रदर्शनों की सुगबुगाहट तेज हो गई है।

# पवई में शोक की लहर श्रीमती चन्द्रा बेहरे का निधन



**पवई।** नगर के प्रकाश बेहरे, कैलाश बेहरे, प्रहलाद बेहरे एवं राजकुमार बेहरे की माताजी श्रीमती चन्द्रा बेहरे का शुक्रवार सुबह लगभग 05 बजे 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार एवं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। परिजनों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्रीमती चन्द्रा बेहरे का अंतिम संस्कार शुक्रवार दोपहर 12रू30 बजे मुक्ति धाम पतने नदी पवई में किया जाएगा। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, रिश्तेदार एवं शुभचिंतक शामिल होंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल दें।

## शिक्षा विभाग में एनसीसी एवं एन एस एस पाठ्यक्रम में संचालित किया जाए -डॉक्टर एमपी पांडे

**पन्ना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रभारी मंत्री जिला पन्ना इंदर सिंह परमार तथा शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के नाम संबोधित एक सूत्रीय ज्ञापन के माध्यम सेमध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ पन्ना के आजीवन सदस्य एवं जिला प्रवक्ता डॉ एमपी पांडे ने अवगत कराते हुए लेख किया गया है कि बीते लंबे समय से प्रस्तावित मांग के अनुसार मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के अधीन हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय में एनसीसी एवं एन एस एस पाठ्यक्रम माह जुलाई 26 से प्रारंभ कराया जाए ताकि विद्यार्थियों को शैक्षणिक गुणवत्ता आभास संधारित हो सके डॉक्टर पांडे के अनुसार उत्तर प्रदेश शासन के अधीन यह यह पाठ्यक्रम वर्ष 1955 से लागू है इस प्रकार मध्य प्रदेश में भी मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला पन्ना कैबिनेट स्तर पर निर्णय लेकर तत्काल लागू करें।। जिससे आम जनता की पुकार सरकार हो सके।

## अमानगंज क्षेत्र के गली-गली मोहल्लों में बिना मानक बिक रहा ज़हर जैसा नाश्ता




**अमानगंज** क्षेत्र में इन दिनों सड़क किनारे लगने वाली ठिलिया गुमटी और अस्थायी दुकानों पर खाद्य सामग्री खुलेआम बिना किसी और स्वच्छता नियमों के बेची जा रही है। चाय, समोसा, जलेबी, पोहा, पकौड़ी सहित अन्य खाद्य पदार्थों को जिस तरह खुले वातावरण, धूल-मिट्टी और गंदगी के बीच तैयार कर परोसा जा रहा है, वह सीधे तौर पर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ साबित हो रहा है।क्षेत्र में कुकुरमुत्तों की तरह उग आई इन अस्थायी दुकानों पर न तो साफ पानी की व्यवस्था है, न खाद्य सामग्री ढंककर रखी जाती है और न ही तेल एवं मसालों की गुणवत्ता की कोई जांच होती दिखाई देती है। कई जगहों पर बार-बार इस्तेमाल किया गया काला तेल उपयोग में लाया जा रहा है, जिससे गंभीर बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह से लेकर देर रात तक इन गुमटियों पर भारी भीड़ लगी रहती है, लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम कभी जांच करने नहीं पहुंचती। न लाइसेंस की जांच होती है और न ही खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जाते हैं। यही कारण है कि बिना किसी डर के अमानक और दूषित खाद्य सामग्री खुलेआम बेची जा रही है।विशेषज्ञों के अनुसार गंदे वातावरण में तैयार खाद्य पदार्थ टायफाइड, फूड पॉइजनिंग, पेट संक्रमण, उल्टी-दस्त और अन्य मौसमी बीमारियों को बढ़ावा देते हैं। गर्मियों के मौसम में यह खतरा और अधिक गंभीर हो जाता है, लेकिन जिम्मेदार विभाग मानो आंखें मूंदे बैठा है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर खाद्य सुरक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन की निगरानी व्यवस्था कहां है? क्या किसी बड़ी घटना या जनहानि के बाद ही कार्रवाई होगी? आम नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को तत्काल अभियान चलाकर ऐसे ठिलिया और गुमटी संचालकों की जांच करनी चाहिए तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराना चाहिए, ताकि लोगों की जिंदगी के साथ हो रहा यह खिलवाड़ रोका जा सके।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, तीन युवकों की दर्दनाक मौत से क्षेत्र में शोक

**अजयगढ़।** अजयगढ़ की चंदौरा चौकी अंतर्गत ग्राम बरौली में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब तेज रफ्तार मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरैनी के नागनेधी निवासी विजय कुशवाहा पिता जगदीश कुशवाहा उम्र 21 वर्ष अपने दोस्तों जगदीश एवं हेतराम के साथ विगत दिवस शाम लगभग 7 बजे नहरी घूमने जाने की बात कहकर मोटर साइकिल से निकले थे। गांव से कुछ दूरी पर ही उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से घायलों को उपचार के लिए अजयगढ़ सामुदायिक





स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान जगदीश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल हेतराम एवं विजय को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान हेतराम ने भी दम तोड़ दिया, जबकि विजय की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत की जानकारी मिल रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिए गए। इस हृदयविदारक हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है तथा पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

# डबल मर्डर का खुलासा भले ही बिलंब से हुआ पर पुलिस को मिली सफलताः अजयगढ़ थाना पुलिस एसडीओपी थाना प्रभारी सहित सभी का सम्मान



**अजयगढ़**-अजयगढ़ के 7 माह पुराने बहुचर्चित माधौगंज डबल मर्डर केस के सफल खुलासे के बाद एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया व थाना प्रभारी हरि सिंह ठाकुर के नेतृत्व में अजयगढ़ पुलिस की सराहनीय कार्यवाही को लेकर नगर के रहवासियों सहित पत्रकार कल्याण परिषद अजयगढ़ टीम ने पुलिस अधिकारियों एवं स्टाफ का फूलमाला व शाल श्रीफल के द्वारा सम्मान किया। इस दौरान एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया ने कहा कि नगर के माधोगंज में लगभग 7 माह पूर्व जो दोहरा हत्याकांड हुआ था उसके पुलिस के द्वारा खुलासे के बाद उसके उपलक्ष्य में पुलिस बल व अधिकारियों का नगर के पत्रकार साथियों प्रबुद्ध जनों के द्वारा सम्मान किया गया हैं।नगर के नागरिकों ने धैर्य का परिचय देते हुए हमें हत्याकांड के खुलासे के लिए समय दिया।इसके लिए मै उनका धन्यवाद देता हूँ अपराधियों ने यदि अपराध किया है तो वह उन्हें न्यायालय तक ले जायेगा कभी कभी इसमें समय लग सकता हैं साथ ही नगर में किराए से कमरे देने वाले मकान मालिक भी इसकी जानकारी पुलिस को जरूर दे।इस दौरान अजयगढ़ पुलिस के थाना प्रभारी हरि सिंह ठाकुर , विक्रम सिंह सहित पूरे पुलिस स्टाफ को सम्मानित कर उनके उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा की गई। पत्रकार कल्याण परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि पुलिस की तत्परता, सूझबूझ और मेहनत से इस गंभीर मामले का खुलासा संभव हो सका, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ हैं। यह सम्मान समारोह पुलिस के मनोबल को बढ़ाने और समाज में सकारात्मक संदेश देने की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है।इस दौरान पत्रकार कल्याण परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता,हसीब खान (रिंकू), रसीदउल्ला उर्फ नन्हे भाई,मोहम्मद आजाद कादरी,विवेक तिवारी,अकरम खान,पप्पू विश्वकर्मा सहित नगर के प्रमुख सब्जी विक्रेता मोहम्मद लियाकत व नगर के कई प्रबुद्धजन,पुलिस स्टाफ मोजूद रहा।

## करंट लगाकर मछली पकड़ने के दौरान भैंस की मौत, पशुपालक ने पुलिस से की शिकायत

**अजयगढ़।** धर्मपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सल्हाई गांव में करंट लगाकर मछली पकड़ने की लापरवाही एक बेजुबान पशु की मौत का कारण बन गई। जानकारी के अनुसार सल्हाई निवासी महेश पिता धनीराम लोध की पालतू भैंस पटवा घाट पर पानी पीने के लिए नदी में उतरी थी। इसी दौरान वहां पहले से मछली मारने के उद्देश्य से बिजली का करंट फैलाया गया था। बताया जा रहा है कि मेहंदीपुरवा निवासियों द्वारा नदी में करंट लगाया गया था, जिसकी चपेट में आने से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पशुपालक महेश और बाबू सिंह ने धर्मपुर थाना पहुंचकर मामले की सूचना दी। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से करंट लगाकर मछली पकड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, क्योंकि इससे लोगों और मवेशियों की जान को लगातार खतरा बना रहता है।



## प्रभारी मंत्री ने दीदी कैंटीन का किया शुभारंभ

**पन्ना।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शुक्रवार को पन्ना प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नवनिर्मित दीदी कैंटीन का फीता काटकर शुभारंभ किया तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। प्रभारी मंत्री ने आजीविका गतिविधि के प्रयासों की सराहना कर दीदियों से संवाद भी किया तथा रोजगारपरक गतिविधियों के जरिए अन्य महिलाओं के लिए भी बेहतर उदाहरण व मिसाल बनने की अपेक्षा व्यक्त की। इस दौरान संचालक दीदी द्वारा प्रभारी मंत्री को कैंटीन संचालन संबंधी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रभारी मंत्री ने कैंटीन परिसर एवं कक्ष का अवलोकन कर जायजा भी लिया तथा दीदी कैंटीन में बाजार से कम कीमत पर उपलब्ध गुणवत्तायुक्त भोजन सहित अन्य खाद्य सामग्रियों के बारे में भी पूछा।



आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला द्वारा दीदी कैंटीन के संचालन और आगामी कार्ययोजना की जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही अन्य स्थानों पर भी आवश्यकता मुताबिक कैंटीन संचालन पर चर्चा की। कैंटीन में समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों का विक्रय भी किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर ऊषा परमार एवं जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, जपं सीईओ जयशंकर तिवारी तथा आजीविका मिशन के अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण, भोजन की परखी गुणवत्ता



**पन्ना।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शरत चन्द्र सक्सेना द्वारा शुक्रवार को जिला जेल पन्ना का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान जेल किचिन में भोजन व्यवस्था सहित बंदियों के उपयोग के खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता तथा बैरक, जेल अस्पताल, व्हीसी कक्ष व कियोस्क, मुलाकात एवं उद्यमिता कक्ष इत्यादि का पृथक-पृथक निरीक्षण कर स्वच्छता और हाइजीन की सूक्ष्म जानकारी ली गई। बंदियों के भोजन की गुणवत्ता भी परखी। प्रधान जिला न्यायाधीश ने सभी बंदियों से मुक्त चर्चा कर समस्याओं और प्रकरणों के बारे में पूछा तथा बंदियों की समस्याओं के निराकरण के लिए जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया। उचित मामलों में न्यायालय और प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय में अपील के लिए निःशुल्क निर्णय प्रति प्रदान करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यूटीआरसी द्वारा अनुशंसित बंदियों के जमानत व रिहाई के संबंध में जानकारी प्राप्त कर कमियों में सुधार के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राह चलती नाबलिग लड़की के साथ छेडखानी, मामला दर्ज

छतरपुर। थाना कोतवाली के अंतर्गत लोधी कुईया में राह चलती एक नाबालिग लड़की के साथ दो दिन पहले गल्ला मंडी निवासी अहमद अली ने पीछे से पकड़कर छेडखानी की थी। लड़की ने घर जाकर परिजनों को बताया और पुलिस में रिपोर्ट करने गए लेकिन पुलिस यह कहकर टरकाती रही की पहले उस लड़के का पता लगाओ जिसने छेड़खानी की है। लेकिन दो दिन बाद जब भाजपा मण्डल मंत्री सत्यम शर्मा और मण्डल उपाध्यक्ष निक्की ताम्रकार को जानकारी लगी तो उन्होने मोहल्ले में लगे कैमरों से सीसीटीव्वी फुटेज चेक कराया। फुटेज में पाया गया है कि मुस्लिम युवक अहमद अली ने राह चलती लड़की के साथ छेड़खानी की जिस पर कोतवाली पुलिस को बीएनएस की धारा 74,75,(1) (आईआई), 78 (2), 391,(3) एवं लैंगिग अपराधों से बालको का सरंक्षण अधिनियम 2012 (7) एवं लैंगिंग अपराधों से बालकों का सरक्षंण अधिनियम 2012 (8)के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी लगातार उस मोहल्ले में पहुंचकर इस तरह की घटनाएं घटित कर रहा था।

### जनगणना मकान सूचीकरण कार्य में हासिल की शत-प्रतिशत सफलता



बक्स्वाहा। तहसील बकस्वाहा ने जनगणना मकान सूचीकरण एवं हाउसिंग सेंसस कार्य में शत-प्रतिशत सफलता हासिल करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कर लिया है। इस उपलब्धि को प्रशासनिक समन्वय, कर्मचारियों की मेहनत और टीम भावना का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है।तहसीलदार भरत पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर महोदय के निर्देशन, एडीएम एवं एसडीएम के मार्गदर्शन में तहसील क्षेत्र के सभी एचएलबी में मकान सूचीकरण कार्य को गंभीरता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसा व्यापक और संवेदनशील कार्य प्रशासनिक अमले, प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों के समन्वित प्रयासों से सफल हो सका।उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान समस्त प्रगणकों, पर्यवेक्षकों, मास्टर ट्रेनरों, तहसील कार्यालय के जनगणना स्टॉफ, बीएसी राकेश कुमार तिवारी, मनोज शर्मा एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर्स ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका के चलते कार्य समय पर पूर्ण हो पाया।तहसीलदार भरत पांडे ने जनगणना कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता पूरी टीम की मेहनत, अनुशासन और प्रशासनिक प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी समर्पण भावना के साथ शासन की योजनाओं और सर्वे कार्यों को सफल बनाया जाएगा। वहीं नायब तहसीलदार एवं प्रभारी सीएमओ सुनील केवट द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में जनगणना एवं मकान सूचीकरण कार्य को पूर्ण कराया गया। प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके प्रयासों की भी सराहना करते हुए बधाई दी।

### पति की प्रताड़ना से परेशान महिला पहुंची एसपी ऑफिस



छतरपुर। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची एक विवाहिता ने पति और ससुराल पक्ष पर मारपीट, प्रताडना और धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता प्रीति सोनी ने एसपी से न्याय दिलाने की गुहार लगाते हुए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी करीब आठ वर्ष पूर्व बड़ा मलहरा निवासी संदीप सोनी से हुई थी। शादी के बाद से ही दहेज और पैसों की मांग को लेकर उसे लगातार परेशान किया जाता रहा। महिला का आरोप है कि पति संदीप सोनी, ससुर हरचरण सोनी, सास लीला बाई सोनी एवं देवर आशीष सोनी आए दिन उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते थे। कई बार उसे घर से बाहर भी निकाल दिया गया। महिला ने बताया कि ससुराल पक्ष द्वारा मायके से पैसे और हिस्से की मांग की जाती थी। विरोध करने पर उस पर चोरी का झूठा आरोप लगाकर धमकियां दी गईं। पीड़िता का कहना है कि हाल ही में उसके साथ फिर मारपीट की गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं।

# युवक की मौत के बाद परिजनों ने राजनगर थाने के सामने शव रखकर किया घेराव, कुछ लोगों से परेशान होकर देवीदीन ने की थी आत्महत्या

छतरपुर। जिले के थाना राजनगर के अंतर्गत ग्राम पिपट गांव से एक सनसनी खेज मामला सामने आया है। गांव के युवक देवीदीन कुशवाहा की मौत के बाद गांव में भारी तनाव की स्थिति बन गई है। मृतक ने फांसी लगाने से पहले एक बीडियो वायरल किया था। जिसमें स्पष्ट आरोप लगा रहा है कि जोशी परिवार के लोग उसे प्रताड़ित कर रहे है।



छेड़छाड़ का झूठा मामला दर्ज करा रहे है और गुण्डा घर में भेजकर परिवार को परेशान करवा रहे है। यह बीडियो वायरल करने के बाद देवीदीन कुशवाहा ने फांसी लगा ली थी जिसे ईलाज के लिए ग्वालियर ले जाया गया था लेकिन तीन दिन तक चले ईलाज के बाद देवीदीन कुशवाहा ने दम तोड़ दिया। लेकिन पुलिस ने प्रताड़ित करने वालो के विरूद्व कोई कार्यवाही नहीं की जिससे घटना से आक्रोशित परिजन शव को पिकअप वाहन मे रखकर राजनगर थाने के सामने पहुचे और मुख्य मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाए कि पुलिस आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी द्वारा निष्पक्ष जांच और कार्यवाही का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजनों ने जाम खोल दिया। जिस दौरान परिजन थाने के सामने शव रखकर चक्काजाम कर रहे थे उस समय एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल पहुंच गए थे और उन्होंने भी परिजनों को चक्काजाम न करने की समझाईश दी थी। मृतक ने आत्महत्या के पहले जोशी परिवार के 5 लोगों के नाम प्रताड़ित करने के बताए थे अब देखना यह है कि पुलिस क्या कार्यवाही करती है।

# दबंग परिजनों ने विधवा महिला की फसल पर किया कब्जा

### जान से मारने की धमकी, पुलिस पर संरक्षण देने का आरोप

**छतरपुर। जनपद के राजनगर थाना अंतर्गत ग्राम तालगाँव से एक मामला सामने आया है, जहाँ एक वृद्ध महिला ने अपने ही परिवार के सदस्यों पर फसल लूटने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता गेंदा बाई पटेल, पत्नी स्वर्गीय काशी पटेल, ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर न्याय की गुहार लगाई है।** पीड़िता द्वारा सौंपे गए शिकायती पत्र के अनुसार, वह ग्राम तालगाँव की निवासी है और खेती के माध्यम से ही अपना भरण-पोषण करती है। गेंदा बाई का आरोप है कि उनके परिवार के ही रामस्वरूप पटेल, मुन्नीलाल पटेल, खूबचंद्र पटेल, सूरज पटेल, भेलाराम और नेता नामक व्यक्तियों ने उनकी मेहनत से तैयार की गई फसल को जबरन काट लिया। पीड़िता ने बताया कि उनके पुत्र का निधन हो चुका है और वह गाँव में



अकेली रहती हैं, जिसका फायदा उठाकर ये लोग लगातार उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। अपनी सुरक्षा और फसल कटाई में मदद के लिए जब उन्होंने अपने भाई के पुत्र महेंद्र पटेल को ग्राम डबरी से बुलाया, तो आरोपियों ने उन दोनों के साथ अभद्र गाली-गलौज की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल हैं। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने इसकी शिकायत राजनगर थाने में भी की थी, जहाँ पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ तो की और आरोपियों ने अपना जुर्म भी कबूल किया, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने उनके खिलाफ कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पुलिस कार्रवाई करने के बजाय आरोपियों को ही संरक्षण दे रही है। थक-हारकर अब पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उनकी फसल वापस दिलाई जाए और दबंगों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि उन्हें और उनके भतीजे को सुरक्षा मिल सके।



# कलेक्टर पार्थ जायसवाल का औचक निरीक्षण खरीदी केंद्रों पर किसानों से की सीधी बात

**छतरपुर।** छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने शुक्रवार को बसारी-गंज गेहूं खरीदी केंद्रों एवं गंज स्थित स्टॉक वेयरहाउस का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से सीधे बातचीत कर खरीदी प्रक्रिया, सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली।कलेक्टर ने खरीदी केंद्र पहुंचकर गेहूं की तुलाई प्रक्रिया का निरीक्षण किया तथा किसानों के लिए उपलब्ध पेयजल, छाया और अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति देखी। उन्होंने किसानों से पूछा कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा तो नहीं हो रही है तथा तुलाई या अन्य कार्यों के नाम पर किसी प्रकार का अवैध शुल्क तो नहीं लिया जा रहा।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खरीदी रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों की भी जांच की और किसानों से बिंदुवार चर्चा कर खरीदी व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संचालित की जाए। इसके बाद कलेक्टर ने गंज स्थित स्टॉक वेयरहाउस का निरीक्षण कर गेहूं भंडारण व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान वेयरहाउस में सर्वेयर अनुपस्थित मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

# डॉ. धर्मेंद्र लटोरिया का संकल्पः जब तक सांस रहेगी, गरीब कन्याओं का विवाह करवाता रहूंगा

### 13 निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह सम्पन्न

**नौगांव।** जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत तिदनी नई मऊ में गुरुवार को गरीब एवं निर्धन कन्याओं का भव्य सामूहिक विवाह समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह में 12 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाजों के साथ जयमाला पहनकर सात जन्मों तक साथ निभाने का संकल्प लिया। वहीं एक मुस्लिम जोड़े को भी निकाह पढ़वाया गया। क्षेत्र में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम की स्थानीय लोगों ने खूब सराहना की।

यह आयोजन सूरज हीरा फाउंडेशन, गुजरात के माध्यम से डॉ. धर्मेंद्र लटोरिया की अध्यक्षता में कराया गया। कार्यक्रम में हिंदू जोड़ों के साथ एक मुस्लिम जोड़े का निकाह भी संपन्न कराया गया, जिसने सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का




अनुपम संदेश दिया। मुख्य अतिथि के रूप में वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक पुष्पेंद्र नाथ पाठक और डीआईजी विजय खत्री सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और आयोजकों की सराहना की।लोक गायिका उर्मिला पांडे एवं राजेश तिवारी ने भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। डॉ. धर्मेंद्र लटोरिया एवं उनकी पत्नी ने सभी वर-वधुओं को टीका लगाकर विदाई दी। विदाई के समय भावुक माहौल छा गया। कन्याओं के माता-पिता ने खुशी जताते हुए कहा कि डॉ. लटोरिया के माध्यम से उनकी बेटियों की शादी धूमधाम और सम्मान के साथ हो गई, जिसकी उन्हें चिंता थी।समारोह में लगभग 20 हजार लोग शामिल हुए। प्रत्येक जोड़े को करीब 5 लाख रुपये मूल्य का गृहस्थी सामान तथा एक मोटरसाइकिल भेंट की गई। बारात डीजे, घोड़े और बग्गियों के साथ निकली तो पूरा क्षेत्र उत्सव में डूब गया।डॉ. धर्मेंद्र लटोरिया ने कहा, जब तक मेरी सांस रहेगी, गरीब कन्याओं के विवाह हमेशा करवाता रहूंगा। उन्होंने आने वाले समय में 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराने का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा में मेरिट में स्थान पाने वाले पांच मेधावी छात्रों को 51 हजार रुपये नगद व एक-एक स्कूटी प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही बेस्ट पत्रकार राकेश अग्निहोत्री और नीम करौली आश्रम से आए संत का भी सम्मान किया गया। डॉ. लटोरिया ने बताया कि भविष्य में नौगांव में बाबा नीम करौली का भव्य आश्रम भी बनाया जाएगा। विगत वर्षों में उन्होंने गांव में मकान बनवाने, मंदिर निर्माण, कोरोना काल में स्वास्थ्य केंद्र को सहयोग सहित अनेक सामाजिक कार्य किए हैं। राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि ऐसी आयोजनों से समाज में पारस्परिकता और भाईचारे के रिश्ते मजबूत होते हैं।

## केन-बेतवा परियोजनाः अफवाहों से दूर रहने की सलाह, धूमधाम से सम्पन्न हुई शादी



**छतरपुर।** केन-बेतवा लिंक परियोजना के विस्थापित गांवों में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने को लेकर सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की जा रही है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने कहा है कि पत्रकारिता का उद्देश्य सच को सामने लाना होना चाहिए, न कि भ्रम फैलाने वाली खबरों को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रामक समाचारों से गांवों का माहौल खराब होता है और लोगों में अनावश्यक तनाव उत्पन्न होता है।

बताया गया कि प्रशासन भी भीषण गर्मी के बीच लगातार क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा रहा है। अधिकारी और कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, इसलिए उनके सकारात्मक प्रयासों को भी सामने लाना जरूरी है। लोगों ने मीडिया से अपील की है कि प्रशासन के अच्छे कार्यों को प्रमुखता से दिखाया जाए, ताकि क्षेत्र में सौहार्द और विश्वास का वातावरण कायम रह सके।

इसी बीच ढोडन गांव की आदिवासी युवती संतोषी का विवाह सूरजपुरा निवासी भूपेंद्र आदिवासी के साथ बमीठा स्थित सुदामा पैलेस में बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। भूपेंद्र आदिवासी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पार्वती आदिवासी एवं प्राण पटवारी के पुत्र हैं तथा पेशे से अधिवक्ता हैं। विवाह समारोह में दोनों परिवारों के परिजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। संतोषी का परिवार शाम 6 बजे सुदामा पैलेस पहुंचा, जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया।

## खजुराहो की दीवारों पर उभरी रहस्यमयी आकृतियों से फैली दहशत, जांच के आदेश

छतरपुर। जिले की विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो में इन दिनों दीवारों पर बनी रहस्यमयी आकृतियों और संकेतों ने लोगों के बीच डर और कौतूहल का माहौल पैदा कर दिया है। शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों जैसे स्कूलों, मंदिरों, पार्कों और पानी की ऊंची टंकियों पर काले रंग से अजीबोगरीब पेंटिंग्स और सांकेतिक निशान बनाए गए हैं, जिन्हें लेकर स्थानीय लोगों में कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। स्थानीय नागरिकों का दावा है कि ये चित्र कुछ संदिग्ध विदेशी लोगों, विशेष रूप से चीन से आए व्यक्तियों द्वारा बनाए गए हैं। लोगों का कहना है कि इन आकृतियों में किसी प्रकार की सांकेतिक भाषा या गुप्त संकेत दिखाई दे रहे हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंताएं और अधिक बढ़ गई हैं। खास बात यह है कि कई निशान लगभग 50 फीट की ऊंचाई पर बनाए गए हैं, जिससे यह सवाल भी उठ रहा है कि इन्हें आखिर कैसे बनाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर परिषद के सीएमओ बसंत चतुर्वेदी ने तत्काल जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्तियों पर इस तरह की रहस्यमयी पेंटिंग बनाना गंभीर विषय है और इसकी पूरी तहकीकात कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जांच में यह किसी शरारती तत्व या संदिग्ध गतिविधि का मामला पाया जाता है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# बेटी का पता पूछने पर बड़ा मलहरा में हुआ विवाद



### आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीड़ित परिवार पहुंचा एसपी ऑफिस

छतरपुर। जिले के बड़ा मलहरा क्षेत्र में बेटी का पता पूछने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दबंगों ने पीड़ित परिवार पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घटना में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार से कुछ लोगों ने बेटी के संबंध में जानकारी मांगी थी, इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि विवाद के दौरान दबंग पक्ष के लोगों ने लाठी, डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि थाने में मामला दर्ज होने के बावजूद पुलिस अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। कार्रवाई नहीं होने से नाराज पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौंपा और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

# केन-बेतवा लिंक परियोजनाः ढोढन गांव में पुलिस पर पथराव के बाद 18 आरोपी गिरफ्तार

### 150 पर मामला दर्ज

**छतरपुर। छतरपुर जिले में केन-बेतवा लिंक परियोजना के निर्माण स्थल पर पिछले दो दिनों से जारी भारी तनाव के बीच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पन्ना नेशनल पार्क के अंदर स्थित ढोढन गांव में ग्रामीणों द्वारा पुलिस टीम पर किए गए जानलेवा हमले और गाडिय़ों में तोडफ़ोड़ के मामले में पुलिस ने अब तक 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्हें आज कोर्ट में पेश किया जा रहा है।**

बुधवार और गुरुवार को हुए इस भीषण पथराव के बाद किशनगढ़ थाने में आंदोलनकारी अमित भटनागर और दिव्या अहिरवार सहित करीब 150 नामजद व अन्य लोगों पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इसके साथ ही इस पूरे आंदोलन को भड़काने वाले मुख्य चेहरों के बैंक खातों की भी बारीकी से जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं इस विरोध प्रदर्शन के पीछे कोई विदेशी फंडिंग तो काम नहीं कर रही है।

ढोढन गांव में स्थिति अभी भी बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है, जिसे देखते हुए बांध निर्माण स्थल और आसपास के पूरे इलाके में 500 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। गौरतलब है कि ग्रामीणों के उग्र प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए बीते दिन पुलिस को आंसू गैस के गोलों का भी इस्तेमाल करना पड़ा था। इस पूरी स्थिति को लेकर छतरपुर जिला प्रशासन और पुलिस बेहद गंभीर हैं। पूर्व में जिला कलेक्टर द्वारा परियोजना से प्रभावित ग्रामों के संबंध में समन्वय बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को समझाइश दी गई थी कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा गलतफहमी में न आएं, क्योंकि प्रशासन उनकी समस्याओं और सुझावों पर निरंतर सकारात्मक चर्चा कर आवश्यक कदम उठा रहा है।

इसके बावजूद वर्तमान में शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने और कानून व्यवस्था हाथ में लेने वालों के खिलाफ अब वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जांच में यह प्राथमिक तथ्य भी सामने आया है कि सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाडऩे के लिए बेहद भ्रामक और अफवाहपूर्ण खबरें प्रसारित की जा रही हैं। पुलिस के अनुसार, आंदोलन के दौरान खून निकलने का झूठा नाटक रचने के लिए महावर रंग का उपयोग करने संबंधी भ्रामक जानकारियां, गांव में वैवाहिक कार्यक्रम में पुलिस द्वारा बाधा उत्पन्न करने की झूठी खबरें और कई अन्य तथ्यहीन पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल की गई हैं।

छतरपुर पुलिस ने साफ कर दिया है कि ऐसी भड़काऊ और गलतफहमी पैदा करने वाली खबरें सोशल मीडिया पर पोस्ट या शेयर करने वाले शरारती तत्वों को तेजी से चिन्हित किया जा रहा है और इन सभी के विरुद्ध कानून के तहत कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी पुरजोर अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अपुष्ट, बिना जांच की हुई या भ्रामक जानकारी को सोशल मीडिया पर आगे फॉरवर्ड न करें, क्योंकि ऐसी अफवाहों से न सिर्फ जनसामान्य के जीवन पर बुरा असर पड़ता है बल्कि महत्वपूर्ण शासकीय कार्यों में भी व्यवधान उत्पन्न होता है। फिलहाल बांध स्थल पर भारी पुलिस बल मुस्तैद है और उपद्रवियों की धरपकड़ के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

**डिप्टी सीएम ने शहर के तीन एसटीपी का किया लोकार्पण**

# सुंदर, स्वच्छ व स्वस्थ रीवा बनाने के लिये सभी कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं - उप मुख्यमंत्री







रीवा ।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि किसी भी शहर आदर्श शहर बनाने के लिये आवश्यक है कि हर घर में स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध हो तथा घर के कचरे व गंदे पानी का निष्पादन किया जाय। रीवा को सुंदर, स्वच्छ व स्वस्थ शहर बनाने के सभी कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं। रीवा के हर घर में मीठा पानी पहुंचाना व घर से निकलने वाले गंदे पानी का निष्पादन करके रीवा आदर्श शहर के मानक को पूरा करेगा। उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर के विकास और स्वच्छता को नई दिशा देने के उद्देश्य से तीन एसटीपी का लोकार्पण किया तथा जयंती कुंज के एसटीपी के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में जब रीवा छोटा शहर था तब यहाँ की आधी आबादी को खारा पानी मिलता था। रीवा शहर में भूमिगत नालियाँ नही थी। मगर प्रधानमंत्री जी के संकल्प व मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में रीवा में हर घर को मीठा पानी दिलाने के लिये 12 टंकियाँ बन रही हैं। भूमिगत नालियाँ बनाई गई हैं तथा घरों से निकलने वाले गंदे पानी को सीवरेज प्लांट तक ले जाकर साफ करने का कार्य कराया जा रहा है। रीवा शहर के आगामी 35 वर्ष के विस्तार व आबादी के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर कार्य किये जा रहे हैं ताकि आने वाले वर्षों में किसी भी प्रकार की समस्या न आये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विकास व जनोन्मुखी कार्यों को पूरा करना चुनौती है। इसे पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराया जायेगा और रीवा के नागरिकों को महानगर की तरह सभी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि बाबाघाट, विवेकानंद एवं बिछिया के एसटीपी के बन जाने से लगभग 25 हजार घरों का गंदा पानी साफ होगा। जयंती कुंज में पूर्व में निर्मित एसटीपी जो बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था उसे भी सुधारा जायेगा। शीघ्र ही एजी कालेज के समीप निर्माणाधीन एसटीपी का भी लोकार्पण होगा और संपूर्ण रीवा शहर के घरों का गंदा पानी स्वच्छ होगा तथा रीवा गंदगी मुक्त साफ शहर होगा। साथ ही बीहर नदी भी साफ व स्वच्छ होगी। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि बीहर नदी में गिरने वाले नालों का पानी अब साफ होकर नदी में जायेगा जिससे नदी साफ होगी व घरों का गंदा पानी भी नहीं बहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के हर घर को शुद्ध पानी दिलाने व गंदे पानी को साफ करने के संकल्प को उप मुख्यमंत्री पूरा कर रहे हैं। उन्होंने शहरवासियों से अपेक्षा की कि रीवा को स्वच्छता में 7 स्टार दिलाने में सहयोग करें ताकि हमारा रीवा भी देश के साफ शहरों की सूची में और ऊपर आ जाय। इससे पूर्व प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यपालन यंत्री रमेश सिंह ने जानकारी दी कि जयंती कुंज में अमृत 1.0 सीवरेज योजनान्तर्गत 12 एमएलडी एसटीपी का जीर्णोद्धार किया जायेगा। जबकि बाबाघाट में 200 केएलडी, विवेकानंद में 6.5 एमएलडी व बिछिया में 6.5 एमएलडी एसटीपी का निर्माण हो चुका है। जिनका आज उप मुख्यमंत्री जी ने लोकार्पण किया। एसटीपी के बन जाने से नदी में गंदा पानी नहीं जायेगा और नदी साफ रहेगी। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, कमिश्नर नगर निगम अक्षत जैन, पार्षदगण तथा नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीजन उपस्थित रहे। आभार आयुक्त नगर निगम ने ज्ञापित किया।बॉक्स एसटीपी के पुनः भूमिपूजन पर घमासानमहापौर ने उठाए सवाल, पत्र लिखकर निगम आयुक्त से में मांगी रिपोर्ट नगर निगम रीवा के वार्ड क्रमांक-06 स्थित 12 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के प्रस्तावित पुनः भूमिपूजन कार्यक्रम को लेकर अब राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में सवाल खड़े हो गए हैं। नगर निगम महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए निगम आयुक्त को पत्र लिखकर 7 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। महापौर ने अपने पत्र में स्पष्ट कहा है कि जिस परियोजना का भूमिपूजन वर्ष 2013 में किया जा चुका हो और जिसका लोकार्पण वर्ष 2016 में तत्कालीन रीवा विधायक एवं वर्तमान उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला द्वारा हो चुका हो, उसी परियोजना का पुनः भूमिपूजन कराया जाना कई सवालों को जन्म देता है। यह परियोजना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) द्वारा तैयार कराई गई थी। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इसका लोकार्पण भी कर दिया गया था, लेकिन वर्षों बाद भी यह परियोजना पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित नहीं हो सकी। महापौर ने आरोप लगाया कि संबंधित ठेकेदार के अनुबंध में केवल एसटीपी की कमिशनिंग का प्रावधान था, किसी नए निर्माण कार्य का नहीं। ऐसे में यदि दोबारा निर्माण या भूमिपूजन की स्थिति बन रही है तो इसकी प्रशासनिक और वित्तीय वैधता की जांच होना आवश्यक है। महापौर ने नगर निगम की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि बिना सक्षम स्वीकृति के यदि कोई नया कार्य कराया जा रहा है तो यह वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आ सकता है। उन्होंने पूरे प्रकरण की तकनीकी और प्रशासनिक जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

# प्रशासन अलर्टः गुढ़ में एसडीएम और थाना प्रभारी ने किया पटाखा दुकानों का औचक निरीक्षण





**रीवा।** मध्य प्रदेश के देवास जिले में हाल ही में एक पटाखा फैक्ट्री में हुई दुखद अग्नि दुर्घटना के बाद प्रदेश भर में प्रशासन मुस्तैद हो गया है। इसी क्रम में रीवा जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार गुढ़ तहसील क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने पटाखा दुकानों का सघन निरीक्षण किया। सुरक्षा मानकों की जांच गुढ़ एसडीएम सुधाकर सिंह और थाना प्रभारी शैल यादव ने दलबल के साथ क्षेत्र की विभिन्न पटाखा दुकानों और उनके भंडारण स्थलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्य रूप से अग्नि सुरक्षा उपकरणों, लाइसेंस की वैधता, स्टॉक की सीमा और दुकान की बनावट की जांच की।निरीक्षण के दौरान संतोषजनक स्थिति पाई गई एसडीएम सुधाकर सिंह ने बताया कि अधिकांश दुकानों में आग पर काबू पाने के लिए आवश्यक यंत्र जैसे फायर अग्निशामक यंत्र रेत से भरी बाल्टियाँ और पानी की पर्याप्त व्यवस्था मौजूद थी।दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे इन उपकरणों को हमेशा कार्यशील अवस्था में रखें।

### निरीक्षण के दौरान दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने हिदायत देते हुए कहा कि दुकानों के आसपास किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ या धूम्रपान पूरी तरह प्रतिबंधित रहे।लाइसेंस में निर्धारित मात्रा से अधिक पटाखों का भंडारण न किया जाए।पटाखों की दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में आग फैलने का खतरा कम हो।बिजली के तारों की फिटिंग सुरक्षित हो ताकि शॉर्ट सर्किट की संभावना न रहे।

### निरीक्षण के दौरान क्या कहा

एसडीएम सुधाकर सिंह ने कहा देवास जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए हम पूरी तरह सतर्क हैं। सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सभी दुकानदारों को स्पष्ट कर दिया गया है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।थाना प्रभारी शैल यादव ने भी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध भंडारण की सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि समय रहते सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# मनगवां हाईवे पर लूट करने वाला गिरोह गिरफ्तार वीडियो शूट कर लौट रहे युवकों से की थी लूट

## पुलिस ने पांच आरोपियों को दबोचा तीन लाख से अधिक का सामान बरामद



**रीवा।** रीवा-मनगवां हाईवे पर देर रात राहगीरों को निशाना बनाकर लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का मनगवां पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन लाख रुपये से अधिक कीमत का मशरूका बरामद किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई अन्य वारदातों से जुड़े अहम खुलासे भी किए हैं। पुलिस अब गिरोह के आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य घटनाओं में संलिप्तता की जांच कर रही है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि फरियादी पुष्पेंद्र पटेल ने 5 मई को थाना मनगवां पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि वह अपने एक साथी के साथ 4 मई को ग्राम पिपरा, थाना नईगढ़ी क्षेत्र में आयोजित एक तिलक समारोह में वीडियो रिकॉर्डिंग करने गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों युवक देर रात लगभग डेढ़ बजे मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जब वे ग्राम अधीहा पुल के पास पहुंचे, तभी तीन अज्ञात बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने युवकों को डराते-धमकाते हुए उनकी मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन तथा दो कैमरे छीन लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ितों ने किसी तरह मनगवां थाना पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास सक्रिय संदिग्धों की जानकारी जुटाई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। तकनीकी साक्ष्यों और संदेह के आधार पर पुलिस ने अवनीश केवट (19 वर्ष) निवासी मालबांस थाना गढ़, योगेंद्र रजक (20 वर्ष) निवासी रौरा कोठार थाना गढ़ सहित एक विधि-विरुद्ध बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और कैमरों सहित लगभग तीन लाख रुपये से अधिक का मशरूका बरामद कर लिया। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की भूमिका की भी जांच की जा रही है तथा उनसे पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। वहीं विधि-विरुद्ध बालक के संबंध में किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# उप मुख्यमंत्री ने चार दिवसीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ऋतुराज पार्क में आयोजित चार दिवसीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का आयोजन जिला बास्केटबाल संघ द्वारा किया जा रहा है, जिसमें बालक और बालिका वर्ग में 10 टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल हमें जीवन में अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की सीख देते हैं। खेलों में नियमित रूप से भाग लेने से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। खेल ही ऐसा क्षेत्र है जिसमें हारने वाला खिलाड़ी भी जीतने वाले को दौड़कर बधाई देता है। रीवा में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स तथा आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण से खेलों को बढ़ावा मिल रहा है। क्रिकेट स्टेडियम को आधुनिक बनाकर इसमें बड़ी प्रतियोगिताओं के मैच कराए जाने चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋतुराज पार्क बास्केटबाल मैदान में सिंथेटिक टर्फ लगाने के लिए हर संभव सहायता दी जाएगी।समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि नई पीढ़ी के बच्चे हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। खेलों में भी अब सफल खिलाड़ियों का भविष्य बहुत उज्वल है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी खिलाड़ियों का लगातार उत्साहवर्धन और प्रोत्साहन कर रहे हैं। युवा खेलों को अपनाकर अपने जीवन को सार्थक बनाएं। नशे की राह से बचने के लिए भी खेल सर्वोत्तम साधन है। जिला बास्केटबाल संघ के अध्यक्ष तथा विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल हमें धैर्य, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना सिखाते हैं। यह प्रतियोगिता प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए नया मंच और प्रतिभा निखारने का सही अवसर सिद्ध होगी। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व फुटबालर अमीर उल्ला खान, रामकुमार प्रधान, सतीश सिंह, पुष्पराज मिश्रा, विनय तिवारी, आयोजन समिति के पदाधिकारी तथा खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# मनगवां में 20 मई को रोजगार मेला, दिग्गज कंपनियों में युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर

**रीवा।** मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन आगामी 20 मई को युवाओं के लिए एक युवा संगम यानी रोजगार, स्वरोजगार एवं और अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जा रहा है। मनगवां बस्ती, इलाहाबाद रोड पर स्थित श्री कृष्णा फार्मेसी कॉलेज में इस एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि मेले में शामिल होने के लिए रीवा जिले के इच्छुक आवेदक 20 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 20 बड़ी कंपनियाँ और नियोजक हिस्सा ले रहे हैं। इनमें हायर अप्लायंसेस इंडिया लि. रंजनगांव पूणे, जैबिल सर्किट इंडिया लि. रंजनगांव, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स बैंगलोर, टाटा मोटर्स प्रा. लि. सानन्द अहमदाबाद गुजरात, सुप्रीम ट्रॉयन प्रा. लि. चाकन पूणे, टीवीएस आटोमोबाइल कंपनी, इलेक्ट्रानिक्स मोबाइल, एमआरएफ टायर्स भारूच गुजरात, याजाकी इंडिया लि. हरियाणा, डिक्सन टेक्नालॉजी नोयडा, आरव्ही लाईफसाइंस लि. औरांगाबाद, डिस्पोसेफ हेल्थ एवं लाइफ केयर लि. फरीदाबाद, मनी सैल्यूशन प्रा. लि. जनकपुरी न्यू डेल्ही, एसबीआई क्रेडिट कार्ड रीवा/सतना, अमेज़न वेयरहाउस पुणे, जेके टायर्स एण्ड इंडस्ट्रीज लि. वानमोर मुरैना, सीआईआई एमसीसी इंदौर, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेंस कंपनी लि. रीवा और प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा के युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान करेंगी। मेले में चयनित होने वाले उम्मीदवारों को उनकी योग्यता और पद के आधार पर 7 हजार रुपये से लेकर 35 हजार रुपये तक का मासिक वेतन व भत्ते दिए जाएंगे। मेले में भाग लेने के लिए 8वीं, 10वीं, 12वीं पास अभ्यर्थियों के साथ-साथ स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई के सभी ट्रेड में उत्तीर्ण छात्र और डिप्लोमाधारी युवा आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों की आयु सीमा 18 से 28 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ मूल अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड या वोटर आईडी, समग्र आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन और दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो लेकर अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। उप संचालक ने जिले के अधिक से अधिक युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# बेलगाम हाईवा ने महिला को कुचला, महिला की मौके पर मौत



**मऊगंज** जिले के सीतापुर-पन्नी सड़क मार्ग पर शुक्रवार को हुआ हादसा केवल एक सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि बेलगाम रफ्तार और प्रशासनिक अनदेखी का नतीजा है। जमुहरा गांव में तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से 28 वर्षीय आरती कोल की मौत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि आबादी वाले क्षेत्रों में भारी वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लगाने में जिम्मेदार नाकाम साबित हो रहे हैं।हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गिट्टी लोड कर जा रहे हाईवा ने महिला को संभलने तक का मौका नहीं दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महिला अपने मासूम बच्चे को बचाने के लिए सड़क पर दौड़ी थी, लेकिन तेज रफ्तार हाईवा उसके लिए 'काल' बन गया। यदि सड़क पर गति अवरोधक (ब्रेकर) होते या भारी वाहनों की गति नियंत्रित होती, तो शायद एक मासूम के सिर से मां का साया नहीं उठता। घटना के बाद ग्रामीणों का फूटा गुस्सा जायज था। आक्रोशित ग्रामीणों ने न केवल सड़क जाम की, बल्कि प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग भी की। हालांकि, मौके पर पहुँचे एसडीओपी सचि पाठक और थाना प्रभारी रीना सिंह ने समझाइश देकर स्थिति को संभाला, लेकिन सवाल अब भी वही है कि क्या पुलिस केवल हादसे के बाद ही जागती है? ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग पर हाईवा चालक अक्सर नियमों को ताक पर रखकर वाहन चलाते हैं, जिससे आए दिन छोटी-मोटी घटनाएं होती रहती हैं। मऊगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन क्षेत्र की जनता अब ठोस सुरक्षा उपायों की मांग कर रही है।



# वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाव के लिये की गई व्यवस्थायें

**रीवा।** महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुन्दपुर में वर्तमान समय में 31 प्रजातियों के 220 वन्यप्राणी हैं। वन्यप्राणियों को गर्मी से बचाव के लिए जू में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। संचालक से प्राप्त जानकारी के अनुसार मांसाहारी वन्यप्राणियों के बाड़ो में रेनगन एवं शाकाहारी वन्यप्राणियों के बाड़ो स्प्रिंकलर सिस्टम लगाया गया है। वन्यप्राणियों के बाड़ो में अस्थाई झोपड़ी (घोपा) बनाया गया है जिससे वन्यजीवों को ठण्डक एवं छाया उपलब्ध हो सके। वन्यप्राणियों के बाड़ो में बने क्राल एवं सॉसर में ग्रीन नेट लगाकर छाया की व्यवस्था की गई है तथा वॉक इन एवियरी एवं रेप्टाइल हाउस में फागर सिस्टम लगाया गया है जिससे वन्यजीवों को शीतलता उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त शाकाहारी वन्यजीवों को हरी सब्जियां एवं फल प्रदाय किया जा रहा है।

## 9 साल पुराने भाजपा नेता पुत्र गोलीकांड में तीनों आरोपी बरी, साक्ष्य पेश करने में विफल रही पुलिस



**रीवा।** शहर के बहुचर्चित भाजपा नेता पुत्र गोलीकांड मामले में शुक्रवार को अदालत ने अहम फैसला सुनाते हुए तीनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस जांच के दौरान जिन साक्ष्यों को आधार बनाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, वे ट्रायल के दौरान न्यायालय में पेश नहीं किए जा सके।यह मामला वर्ष 2018 की 21-22 अगस्त की दरमियानी रात का है। शहर के धोबिया टंकी क्षेत्र में भाजपा नेता कृष्ण प्रिय मैत्री के पुत्र पंकज मैत्री को गोली मार दी गई थी। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए सिकंदर मेहतर को मुख्य आरोपी बनाया था, जबकि नितेश और मांडव को सहयोगी आरोपी के रूप में गिरफ्तार किया गया था।पुलिस का दावा था कि घटनास्थल से कारतूस के खाली खोखे बरामद किए गए थे। साथ ही चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में आरोपियों की गतिविधियां रिकॉर्ड होने की बात भी कही गई थी। इसी आधार पर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया था।बमामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 17 गवाह पेश किए गए। इनमें घायल पंकज मैत्री के पिता भाजपा नेता कृष्ण प्रिय मैत्री प्रमुख गवाह थे। हालांकि सुनवाई के दौरान पुलिस उस सीसीटीवी फुटेज को न्यायालय में पेश नहीं कर सकी, जिसे उसने जांच का अहम आधार बताया था। इसे अभियोजन पक्ष की बड़ी कमजोरी माना गया।बबचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता शेरा सिंह ने अदालत में दलील दी कि मुख्य गवाह का बयान अपने पुत्र के पक्ष में था, इसलिए उसे निष्पक्ष नहीं माना जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपियों को राजनीतिक कारणों से फंसाया गया, क्योंकि तीनों आरोपी कांग्रेस नेता नंदिनी भारती के समर्थक और प्रचारक रहे हैं।दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 15वें अपर सत्र न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौड़ की अदालत ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में असफल रहा। पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने तीनों आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला, रिश्ते के दो भाइयों की मौत

रीवा।

शहर से सटे सगरा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में रिश्ते के दो भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मारते हुए कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिए गए।जानकारी के अनुसार हादसा रात करीब 9 बजे सगरा थाने से कुछ दूरी पर हुआ। बताया जा रहा है कि दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर रीवा शहर से अपने गांव करौंधहा लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक ट्रक की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।मृतकों की पहचान आकाश साकेत और पंकज साकेत के रूप में हुई है, जो रिश्ते में भाई बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पहुंचे, जहां दोनों को मृत अवस्था में देखकर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिजन राजेश साकेत ने बताया कि रात करीब साढ़े 9 बजे दुर्घटना की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि दोनों युवकों की जान जा चुकी थी।परिजनों के मुताबिक दोनों युवक रीवा में रहकर कामकाज करते थे और मंगलवार रात गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सगरा क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भागने का प्रयास कर रहा था, हालांकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर लिया है।घटना के बाद सगरा थाना पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई की। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है।

# कलेक्टर ने पुराने एवं नये बस स्टैण्ड का किया औचक निरीक्षण

## कलेक्टर ने साफ-सफाई, पेयजल एवं यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने दिए निर्देश



**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने शहर के पुराने एवं नए बस स्टैंड का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बस स्टैंड परिसर में स्वच्छता, यात्री प्रतीक्षालय, सार्वजनिक शौचालय तथा पेयजल व्यवस्था का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पुराने बस स्टैंड के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दुकानदारों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि अपनी दुकानों के आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में गंदगी पाई गई, तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि बस स्टैंड सार्वजनिक स्थल है, इसलिए यहां स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

नए बस स्टैंड में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नया यात्री प्रतीक्षालय बनाए और उसमें पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक शौचालयों को व्यवस्थित एवं साफ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को बस स्टैंड परिसर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही जर्जर भवनों को चिन्हित कर उन्हें सुरक्षित तरीके से हटाने के निर्देश भी दिए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि यात्री सुविधाओं के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जा रही है।कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बस स्टैंडों पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता से उपलब्ध करायें। उन्होंने नियमित निरीक्षण एवं निगरानी के माध्यम से व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन टाउन हॉल का भी निरीक्षण किया और संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया कि समय में कार्य पूरा करें। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल,एडिशनल एसपी विक्रम सिंह, डिप्टी कलेक्टर पवन गौरैया, नगर परिषद के सीएमओ राहुल मिश्रा उपस्थित रहे।